किऊल स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों के लिये मकान

4625. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वी रेलवे के किऊल स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों के लिए कितने मकानों का निर्माण हुआ है;

(ख) कितने मकानों में बिजली का कनेक्शन दिया गया है और कितने ऐसे मकान हैं जिनमें अभी तक बिजली नहीं दी गई है और उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या उपर्युक्त स्टेशन के कुछ कर्मचारियों ने दानापुर डिवीज़न के डिवीज़नल अधीक्षक के पास संयुक्त प्रतिवेदन भेजा है जिसमें उनके मकानों के लिये बिजली का कनेक्शन देने के लिये कहा गया है; और

(घ) यदि हां, इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) 185।

(ख) 96 में बिजली का कनेक्शन दे दिया गया है । 89 में बिजली लगाना अभी बाकी है । धन की कमी के कारण सभी में अभी तक बिजली नहीं लगायी जा सकी है।

(ग) जी हां ।

(घ) किऊल स्टेशन पर बाकी में 1969-70 के निर्माण-कार्यक्रम में बिजली लगाने का प्रस्ताव है ।

सूक्ष्म उपकरण परियोजना कोटा में में उत्पादन

4626. **श्री ओंकार लाल बोहरा :** क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोटा (राजस्थान) के सूक्ष्म उपकरण परियोजना में उत्पादन शुरू हो गया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उत्पादन कब तक शुरू हो जायेगा;

(ख) उस पर कितनी पूंजी लगेगी और किस रूप में लगेगी तथा अब तक कितनी पूंजी लग चुकी है;

(ग) इस कारखाने द्वारा कितना लाभ कमाया जायेगा और अब तक कितना लाभ व हानि हुई है; और

(घ) इस कारखाने ने जो उन्नति की है उसका ब्यौरा क्या है, उसमें कुल कितने अधिकारी और कर्मचारी हैं, और उन पर कितना धन व्यय किया जा रहा है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ) इन्स्ट्रुमेंटेशन लि०, कोटा में अधिकतर मशीनें लगाई जा चुकी हैं और परीक्षण उत्पादन प्रारम्भ किया जा चुका है। व्यावसायिक उत्पादन प्रारम्भ करने के लिये अपेक्षित कुछ सामान सोवियत रूस से शीघ्र ही आ जाने की आशा है । सामान पहुंचने के एक मास पश्चात् ही व्यावसायिक उत्पादन आरम्भ हो जायेगा ।

कम्पनी की अधिकृत पूंजी 7 करोड़ रुपये है । इस कम्पनी में अब तक 377.53 लाख रुपये का विनियोजन अंशों के रूप में किया गया है ।

31 जुलाई, 1968 को कम्पनी 87 अधिकारी तथा 570 अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे थे ।

भाग (ग) के सम्बन्ध में तथा कर्मचारियों पर किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची

4627. **श्री ओंकार लाल बोहरा :** क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रांची के हैवी इंजीनियरिंग कारपो-